# किसान मुद्दों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

- 'किसानों को फसलों का उचित मूल्य न मिलने के आरोप
- यह प्रदर्शन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर

नवभारत न्यूज

**विदिशा 9 अप्रैल, भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों, गेहूं उपार्जन में देरी, सहकारी संस्थाओं के कुप्रबंधन एवं किसानों को फसलों का उचित मूल्य न मिलने के आरोप लगाकर गुरूवार को कांग्रेस ने विदिशा में एक बड़ा प्रदर्शन किया.**

कलेक्ट्रेट के घेराव के लिये माधवगंज पर एकत्रित हुये कांग्रेस नेता जब घेराव करने के लिये कलेक्ट्रेट की तरफ रवाना हो रहे थे. इस दौरान बड़ी संख्या में मौके पर तैनात पुलिस बल ने कांग्रेसियों को रोकने के लिये पहले जहां कोतवाली के पास कोशिश की लेकिन कांग्रेसियों ने एकत्रित होकर तिलक चौक की तरफ पूछ कर दिया. आखिर कार तिलक चौक के पास पुलिस कार और बेरिगेटस लगाकर रोक लिया. इस प्रदर्शन के दौरान सीएम मोहन यादव और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.यह प्रदर्शन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर आयोजित किया गया.इस दौरान आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और मौके पर पहुंचे एसडीएम को ज्ञापन सौंपा.



### कांग्रेस ने रखीं यह प्रमुख मांगें

कांग्रेस ने धरना के दौरान किसानों की समस्याओं को उठाते हुए ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का मुआवजा एवं लंबित बीमा राशि का भुगतान, गेहूं खरीदी की लिमिट समाप्त करने, एमएसपी पर खरीदी सुनिश्चित करने, बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था करने, ऋण अदायगी की तिथि 30 अप्रैल तक बढ़ाने एवं प्रभावित किसानों को डिफाल्टर घोषित न करने की मांग की.इसके अलावा मंडियों में व्यवस्थाएं सुधारने, पीने के पानी व विश्राम की सुविधा उपलब्ध कराने, गुणवत्ता मानकों में शिथिलता देने तथा लंबित वेरिफिकेशन के कारण स्लॉट बुकिंग में आ रही समस्याओं के समाधान की मांग भी की गई.

## दिव्यांगजनों को मिलेंगे सहायक उपकरण

**सीहोर.** सामाजिक न्याय विभाग द्वारा जिले के सभी नगरीय निकायों में एडिप योजना के अंतर्गत दिनांकवार ऑन द स्पॉट चिन्हांकन एवं सहायक उपकरण वितरण शिविरों का आयोजन किया जाएगा. शिविरों में ऑन द स्पॉट चिन्हांकन कर पात्र दिव्यांगजनों को कैलिपर्स एवं कृत्रिम हाथ-पैर सामग्री नि:शुल्क वितरित की जाएगी. निशुल्क सामग्री वितरण के लिए फैब्रिकेटिंग एजेंसी को अधिकृत किया गया है. सीहोर जनपद पंचायत कार्यालय में 15 अप्रैल, इछावर जनपद पंचायत कार्यालय में 16 अप्रैल, आष्टा जनपद पंचायत कार्यालय में 17 अप्रैल, भैरूंदा जनपद पंचायत कार्यालय में 21 और बुधनी जनपद पंचायत कार्यालय में 22 अप्रैल को शिविर आयोजित किए जाएंगे.

# जल गंगा संवर्धन के तहत बेतवा नदी पर हुआ श्रमदान

नवभारत न्यूज

**विदिशा, जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बेतवा नदी के तट पर विशेष श्रमदान का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई. कार्यक्रम में स्थानीय विधायक मुकेश टंडन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा एवं सीएमओ दुर्गेश ठाकुर अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे.**



प्रात:काल शुरू हुआ यह श्रमदान अभियान कई घंटों तक चला, जिसमें छोटे पुल के आसपास जमा गंदगी एवं निर्माल्य को हटाया गया. उपस्थित लोगों ने नदी तट की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया. इस दौरान विधायक मुकेश टंडन ने अधिकारियों से नदी एवं घाटों की नियमित सफाई व्यवस्था की जानकारी ली और निर्देश दिए कि बड़े घाटों के साथ चरणतीर्थ एवं रामघाट क्षेत्र में भी निरंतर सफाई सुनिश्चित की जाए.

विधायक ने कहा कि योजनाओं को धरातल पर उतारते हुए बेतवा नदी के सभी घाटों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए कर्मचारियों की तैनाती की गई है. साथ ही नदी के दोनों ओर घाटों के निर्माण के लिए व्यवस्थित योजना तैयार कर ली गई है, जिसका कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा.

सीएमओ दुर्गेश ठाकुर ने बताया कि बेतवा को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के लिए नगर पालिका परिषद निरंतर कार्य कर रही है. नालों के पानी को ट्रीटमेंट के बाद ही नदी में छोड़ा जाएगा और इसके लिए डाउनस्ट्रीम क्षेत्र में एसटीपी प्लांट स्थापित करने की योजना बनाई गई है.

# नपा ने सड़कों से हटाया अतिक्रमण



नवभारत न्यूज

**गुना। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त करने और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगरपालिका प्रशासन ने कमर कस ली है।**

गुरुवार सुबह मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री के नेतृत्व में नपा के तकनीकी, स्वच्छता और अतिक्रमण अमले ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का तूफानी दौरा किया। इस दौरान न केवल अतिक्रमण हटाया गया, बल्कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान भी काटे गए।

अभियान की शुरुआत हाट रोड से हुई, जहां रपटे के पास फल विक्रेताओं द्वारा सड़क घेरकर व्यवसाय किया जा रहा था। सीएमओ ने बताया कि इन विक्रेताओं को पूर्व में भी समझाइश दी गई थी, लेकिन सुधार न होने पर आज उनके ठेलों को जब्त कर चालानी कार्रवाई की गई।

सीएमओ मंजुषा खत्री ने स्लॉटर हाउस का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि स्लॉटर हाउस के बाहर व्यवसाय कर रहे सभी मीट विक्रेता तत्काल मीट मार्केट में शिफ्ट हों। निर्देशों का पालन न करने पर लाइसेंस रद्द करने और नियमित जब्ती की चेतावनी दी गई है। दोपहर तक स्लॉटर हाउस की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश भी अमले को दिए गए।

इसके बाद टीम खटीक मोहल्ला पहुँची, जहाँ सड़क पर मीट के ठेले लगाकर आवागमन बाधित करने वालों पर कार्रवाई की गई।



# अधिवेशन के सहयोगी सम्मानित

नवभारत न्यूज

**सागर 9 अप्रैल. अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महिला परिषद के द्विवार्षिक अधिवेशन मे सहयोगियो को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया.**

पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष डॉ श्रीमती आशा जैन ने स्वागत भाषण दिया. अधिवेशन समितियों के सुनीता अरिहंत, मीना प्रधान, ममता जैन, साक्षी सराफ को सम्मानित किया. इस दौरान श्रुकुंतला जैन, निधि जैन, नूतन नाहर, विद्या चौधरी, दीप्ति चंदेरिया, ऋचा शाह, आशा सेठ, संध्या राधेलिया, अलका जैन, शिवानी सिंघई, अंजलि गोदरे, कल्पना जैन, संध्या जैन, सारिका जैन, मंजरी जैन, प्रिया जैन, नीलम जैन मौजूद थीं.

# 23 लाख से राजेश्वरी मंदिर का होगा जीर्णोद्धार

नवभारत न्यूज

**टीकमगढ़। हवेली रोड स्थित मां राज राजेश्वरी मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाएगा। मध्य प्रदेश सरकार के धर्मस्व विभाग ने इसके लिए 23 लाख 60 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी को मंदिर की मरम्मत का कार्य सौंपा गया है।**

जानकारी के अनुसार यह राशि कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के प्रस्ताव पर स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि का उपयोग मंदिर के क्षेत्राधिकार में राजस्व अभिलेखों में दर्ज भूमि पर ही प्रस्तावित निर्माण कार्यों के लिए किया जाएगा। बुधवार शाम 6 बजे कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने मंदिर परिसर में स्थानीय लोगों के साथ एक बैठक की ।क

लेक्टर ने जनप्रतिनिधियों के साथ मंदिर का निरीक्षण भी किया ।बैठक में लोगों ने मंदिर की छत से पानी टपकने, चारों ओर नाली न होने से दीवारों के खराब होने जैसी कई समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया।



इस अवसर पर पूर्व बैंक अध्यक्ष विवेक चतुर्वेदी, महेश यादव, मनोज पाठक सहित स्थानीय श्रद्धालु और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। हवेली रोड स्थित मां राज राजेश्वरी मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाएगा। मध्य प्रदेश सरकार के धर्मस्व विभाग ने इसके लिए 23 लाख 60 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी को मंदिर की मरम्मत का कार्य सौंपा गया है। इस दौरान मंदिर के विकास को लेकर लोगों से सुझाव मांगे गए। कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों के साथ मंदिर का निरीक्षण भी किया।



# आलोचना से बचने की जरूरत है : खंडेलवाल

नवभारत न्यूज

**टीकमगढ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल टीकमगढ़ दौरे पर पहुंचे जहां उनका कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह स्वागत किया। इसके बाद वह भाजपा कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने अपना उद्बोधन देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं को पार्टी के लिए मजबूती से काम करने की सलाह दी।**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि हमें किसी भी मामले में आलोचना से दूर रहने की जरूरत है। मैंने देखा कि लोग हमारे पास आते हैं और सिर्फ आलोचना करते हैं। भाई आप आलोचना से बचिए और सिर्फ पार्टी के लिए कार्य कीजिए यही आपके लिए सबसे अच्छी बात है। आप किसी की आलोचना न करें अगर आपसे कोई आलेचना वाली चर्चा भी करता है तो आप अपनी पार्टी की गाईडलाईन का हवाला देकर बात को समाप्त कर दीजिए।

आगे उन्होंने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी है कोई व्यापार का साधन नहीं। कई लोग इसे व्यापार समझते हैं तो वह गलत है। हमारा यही कहना है कि आप अपना व्यापार अलग करें और पार्टी की सेवा के साथ समाज की सेवा करने का कार्य करें।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत ने आगे कहा कि मैंने यह भी देखा कि जब से मैं अध्यक्ष बना हूं तब से कई लोग ऐसे हैं जो मेरे कार्यालय आकर बुराई करते हैं कि इसने और उसने मेरा विरोध किया है अरे साहब अगर आपका 2013 में किसी ने विरोध किया है तो आपने भी तो उसका 2023 में विरोध किया है। क्यों न आपको ही पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाए।

### पूर्व मुख्यमंत्री से मिलने भी पहुंचे प्रदेशाध्यक्ष

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल कार्यकर्ताओं से स्वागत कराते हुए भाजपा कार्यालय पहुंचने से पहले पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती से मिलने पहुंचे। वहां पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने दरवाजे पर हेमंत खंडेलवाल का तिलक किया और फिर उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया।इतना ही नहीं इसके बाद उमा भारती हेमंत खंडेलवाल का हाथ पकड़कर उन्हें घर के अंदर ले गई।जहां उन्होंने पार्टी को मजबूत बनाने के लिए विस्तार से चर्चा की।

## विशेष व्याख्यान 11 को

**सागर.** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के संचार एवं पत्रकारिता विभाग के तत्त्वावधान में वर्तमान समय में पत्रकारिता का लोक धर्म विषय पर 11 अप्रैल को अपरान्ह 4 बजे से रंगनाथन सभागार में विशेष व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है. कार्यक्रम में देश के प्रख्यात वरिष्ठ पत्रकार, पद्म भूषण एवं पद्मश्री से सम्मानित श्री राम बहादुर राय का व्याख्यान होगा. उक्त कार्यक्रम में समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि कुलसचिव डॉ. सत्य प्रकाश उपाध्याय की उपस्थिति रहेगी. अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर करेंगे. कार्यक्रम के निदेशक प्रो. कालीनाथ झा एवं संयोजक डॉ. अलीम अहमद खान एवं डॉ. विवेक जायसवाल है.

# निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग

## जैसे ही कॉलम को हाथ से हिलाया वह डगमगाने लगा

नवभारत न्यूज

**सिराली, 09 अप्रैल नगर परिषद सिराली की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। मुक्तिधाम स्थित पेड़ी घाट निर्माण कार्य में लगातार सामने आ रहे भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण के आरोप अब खुले तौर पर मज़ाक का विषय बनते जा रहे हैं।**

पहले मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) द्वारा निर्माण में लगी सरिया को उखाड़कर गुणवत्ता पर सवाल उठाए गए थे, वहीं अब उपाध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर कॉलम को हिलाया तो उसकी कमजोरी उजागर हो गई। जानकारी के अनुसार, नगर परिषद द्वारा मुक्तिधाम पर पेड़ी घाट निर्माण कराया जा रहा है। इस कार्य में शुरुआत से ही गुणवत्ता को लेकर गंभीर आरोप लगते रहे हैं। कई बार शिकायतों के बाद काम को रुकवाया भी गया, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर से वही कार्य शुरू कर दिया जाता है। इससे निर्माण की पारदर्शिता और जिम्मेदारी पर सवाल खड़े हो रहे हैं ।मंगलवार को नगर परिषद उपाध्यक्ष श्याम बुचा अपनी टीम के साथ निर्माण स्थल पर पहुंचे।

निरीक्षण के दौरान जब उन्होंने बनाए जा रहे कॉलम को देखा तो वह बेहद कमजोर प्रतीत हुआ। उपाध्यक्ष ने जैसे ही कॉलम को हाथ से हिलाया, वह डगमगाने लगा। यह देख मौके पर मौजूद लोग भी हैरान रह गए।

### जिला प्रशासन क्यों है मौन?

नगर परिषद के इस घटिया निर्माण मामले में पार्षदों सहित आम जनता द्वारा बार-बार शिकायतें किए जाने के बावजूद भी अब तक परिषद या संबंधित ठेकेदार पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होना जिला प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर रहा है। आखिरकार जिला प्रशासन इस पूरे मामले में चुप्पी साधे क्यों बैठा है,

# रातोरात हुई फेंसिंग हटवाने पहुंचा प्रशासन

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 09 अप्रेल, सं. नगर के दशहरा मैदान पर की गई तार फेंसिंग के मामले में प्रशासन की टीम ने कार्यवाही करते हुए निरीक्षण किया और फेंसिंग करने वालों को हिदायत दी है. वहीं मामले में जेसीबी से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है.**

दशहरा मैदान पर गुरुवार सुबह प्रशासन की टीम पहुंची. इनमें तहसीलदार अनिल शर्मा, आरआई टी.एल. अंतल और पटवारी जीतमल दांगी ने मौका मुआयना कि और मैदान पर लगाए गए तार फेंसिंग और पोल को हटाने के निर्देश दिए. अधिकारियों ने फेंसिंग करने वालों को कहा कि खंभे और तार नहीं हटाए गए तो प्रशासन जेसीबी से कार्रवाई करेगा. साथ ही स्पष्ट किया कि इस जमीन पर किसी भी प्रकार का नया निर्माण नहीं होने दिया जाएगा. दरअसल, दो दिन पहले इस जमीन पर रातों-रात कुछ लोगो ने सीमेंट के खंभे गाड़कर तार फेंसिंग कर दी गई थी. जानकारी मिलने के बाद प्रशासन ने मौके पर टीम भेजकर निर्माण कार्य रुकवा दिया था. इसके बावजूद बुधवार रात को उसी जमीन के आसपास और अधिक जगह पर खंभे गाड़कर तार फेंसिंग बढ़ा दी गई.



कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा निर्देशन में विकासखंड ब्यावरा में इन्टर नेशनल पब्लिक स्कूल एवं स्वामी विवेकानंद की बसों की चैकिंग की गई. साथ ही चैकिंग के दौरान जो बसें सुप्रीम कोर्ट की गाईड लाईन का पालन नहीं करते हुए पाई गई, उनके विरूद्ध चालानी कार्यवाही की गई. साथ ही इस चालानी कार्यवाही में 25 हजार रूपये का राजस्व वसूला गया. इन्टर नेशनल पब्लिक स्कूल की एक वाहन में सीटें परिवर्तित पायी गई, जिसे थाना ब्यावरा में जप्त कर सुरक्षार्थ रखा गया. इस कार्यवाही में जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेन्द्र वैश्य के साथ उप निरीक्षक श्रीमती शिवानी मुकाती, आरक्षक आरपी हिनोतिया उपस्थित रहे. जिला परिवहन अधिकारी द्वारा यह भी हिदायत दी गई की भविष्य में इस प्रकार की चैकिंग जारी रहेगी.

## एक नजर में



### वीएचएससी की अनाबंध राशि पर विवाद

**बुधनी.** ब्लॉक की आशा कार्यकर्ताओं ने ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति (वीएचएससी) की अनाबंध राशि को लेकर नाराज़गी जताते हुए मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी बड़ोदिया को ज्ञापन सौंपते हुए कार्यकर्ताओं ने बताया कि समिति की अनाबंध राशि के अंतर्गत 10 हजार रुपये के बिल, वाउचर एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र लगभग तीन माह पूर्व ही जमा कराए जा चुके हैं, इसके बावजूद अब तक भुगतान नहीं किया गया है. आशा कार्यकर्ता सोना दुबे सहित अन्य कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह अनाबंध राशि समिति के आवश्यक कार्यों के लिए निर्धारित होती है, इसलिए इसे सामग्री के रूप में देने के बजाय नकद रूप में ही प्रदान किया जाना चाहिए. इस दौरान कल्पना चौहान, अंजली केवट, पूजा कीर, उमा मेहरा, वंदना दुबे, ज्योति राजपूत, रानू शर्मा व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहीं.

### नगर में नि :शुल्क एम्बुलेंस सेवा की सौगात

**सारनी।** आगामी 14 अप्रैल से खिदमते ए खल्क सोसायटी के माध्यम से नगर मे नि :शुल्क एम्बुलेंस सेवा की सौगात मिल रही है। सोसायटी के अध्यक्ष नईम खान ने बताया कि मरहूम शेख मुबीन की स्मृति मे खिदमते खल्क सोसायटी के माध्यम से निशुल्क एम्बुलेंस सेवा को संचालित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आगामी 14 अप्रैल बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती पर शाम 4 बजे नि :शुल्क एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत की जायेगी। इस मौके पर पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे सहित कई नेताओं को आमंत्रित किया गया है। नईम खान ने कहा कि खिदमते खल्क सोसायटी मे नईम खान,मनीष पिल्ले, शशांक चतुर्वेदी, विक्की धोलेकर, गजोधर चौहान, नसीम खान जावेद खान, जफर खान, सलमान खान,जहीर खान, साबिर खान सहित अन्य लोग शामिल है। श्री खान ने कहा कि नि :शुल्क एम्बुलेंस सेवा मे ईधन का चार्ज मरीजों के परिजनों को देना पडेगा। उन्होंने कहा कि जिन मरीजों के पास एम्बुलेंस वाहन में ईधन कि व्यवस्था नहीं होगी, ऐसे मरीजों को सुविधा सोसायटी के माध्यम से किया जा सकता है।

### समाधान न होने पर परीक्षा बहिष्कार की चेतावनी

**विदिशा.** वेतन न मिलने के कारण एस एटी आई पॉलि टेक्निक कर्मचारियों की हड़ताल चौथे दिन भी जारी रही. वेतन संकट को लेकर कर्मचारियों ने पूर्व वित्त मंत्री राघवजी भाई, विधायक मुकेश टंडन एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया .जनप्रतिनिधियों ने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर समस्या के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया. पूर्व वित्त मंत्री राघवजी भाई ने प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा एवं संस्था प्रबंधन से भी बात कर वेतन संकट जल्द दूर करने की बात कही .कर्मचारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आगामी परीक्षाओं का बहिष्कार करेंगे.

### आगामी कार्यक्रमों को लेकर बनाई रणनीति

**विदिशा.** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्य प्रदेश के आह्वान पर विदिशा में आयोजित विशाल रैली एवं धरना-प्रदर्शन के सफल आयोजन के बाद मोर्चा द्वारा जिलेभर से पहुंचे शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया. इस दौरान कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया .मोर्चा के पदाधिकारियों ने बताया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 5 हजार शिक्षक-शिक्षिकाएं इस आंदोलन में शामिल हुए, जिसने कार्यक्रम को सफल बनाया. उन्होंने उम्मीद जताई कि शिक्षकों की मांगों पर शासन सकारात्मक निर्णय लेगा .मोर्चा के अनुसार आगामी चरण में 11 अप्रैल को जिले की पांचों विधानसभाओं के विधायकों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा. इसके बाद 18 अप्रैल को सामूहिक अवकाश लेकर भोपाल में प्रस्तावित 'हल्ला बोल' कार्यक्रम में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री को पुन : ज्ञापन दिया जाएगा.

**आक्रोश** | पुलिस की लचर कार्यवाही से सकल समाज में रोष, माली समाज के युवक पर जानलेवा हमले का मामला

# युवक की मौत पर न्याय के लिए उमड़ा माली समाज

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 09 अप्रैल, सं. शहर के बाग कुआं टंकी वार्ड 15 में एक 25 वर्षीय युवक पर हुए जानलेवा हमले ने अब तूल पकड़ लिया है. हमले में गंभीर रूप से घायल विमल पुष्पद जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है, वहीं पुलिस द्वारा आरोपियों पर मामूली धाराओं में केस दर्ज करने से फूलमाली समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है.**

कार्रवाई से असंतुष्ट समाज जनों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और सख्त धाराओं के तहत कार्रवाई की मांग की है. इस दौरान फूल माली समाज जिला अध्यक्ष संतोष पुष्पद के साथ पार्षद राकेश पुष्पद, पूर्व अध्यक्ष अमित सुहानी, फूल माली पंचायत दरवाजा अध्यक्ष धनसिंह पुष्पद, जिला सहसंयोजक विनोद पुष्पद, पूर्ण कार्य पंचायत अध्यक्ष अशोक पुष्पद, पूर्व रंगीन वाली पंचायत अध्यक्ष दौलत राम पुष्पद, दिनेश पुष्पद, नंदू पुष्पद, सचिन पुष्पद, दीपक पुष्पद, तहसील अध्यक्ष विनोद पुष्पद, शिवनारायण पुष्पद, रामनारायण पुष्पद, अजय पुष्पद, कमलेश पुष्पद, राहुल पुष्पद, काशीराम पुष्पद, हुकम पुष्पद, धर्मराज पुष्पद सहित बड़ी संख्या में समाजजन और पीड़ित परिवार के समर्थक मौजूद रहे.



### ये है पूरा मामला

बीते 6 अप्रैल की रात करीब 10 बजे, विमल पिता कैलाशनारायण पुष्पद पर पिता-पुत्र और उनके साथियों ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया था. हमलावरों ने विमल के पेट, सिर और नाक पर गहरे जख्म किए. घायल युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे तुरंत इंदौर रेफर कर दिया गया, जहां उसकी हालत अब भी नाजुक बनी हुई है. ज्ञापन में समाज के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने हमलावरों के साथ सांठगांठ कर ली है. माली समाज के जिलाध्यक्ष संतोष पुष्पद ने कहा कि युवक पर प्राणघातक हमला हुआ, वह अस्पताल में भर्ती है, लेकिन पुलिस ने महज धारा 170 (पुरानी 151) जैसी मामूली धाराओं में केस दर्ज कर आरोपियों को जमानत पर छोड़ दिया. अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़ित परिवार को धमका रहे.

## स्थापना दिवस पर पुष्पांजलि कार्यक्रम

**ब्यावरा 09 अप्रैल, का.** राष्ट्रीय छात्र संघ के स्थापना दिवस के अवसर पर आज पीजी कॉलेज, ब्यावरा में समस्त हस्ढ्ढ विधानसभा ब्यावरा द्वारा एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई. कार्यक्रम में उपस्थित सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी जी के योगदान, उनके मजबूत नेतृत्व और देश के प्रति उनके समर्पण को स्मरण किया. इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए. अंत में सभी ने संकल्प लिया कि संगठन को और मजबूत करते हुए छात्र शक्ति को आगे बढ़ाया जाएगा.